कार्यवृत्त नीलामी

आज दिनांक 27.02.2024 को सांय 04:30 बजे न्यायालय परिसर के ए.ड़ी.आर. भवन में इस न्यायापीठ में स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों: चाय कैन्टीन, साईकिल स्टैंड़, फोटोस्टेट दुकान नं0-01, फोटोस्टेट दुकान नं0-2, पान की दुकान नं0-01, पान की दुकान नं0-2 तथा रेहड़ी दाल मौठ की नीलामी की वित्तीय वर्ष-2024-2025 हेतु नीलाम समिति की बैठक हुई। बैठक में श्री आलोक शर्मा, सदस्य नीलाम समिति/अपर जिला जज कक्ष संख्या-11 सहारनपुर,श्री कमलदीप सदस्य नीलाम समिति / अपर जिला जज / त्वरित न्यायालय-द्वितीय सहारनपुर उपस्थि आये तथा श्री संजीव कुमार शर्मा, सदस्य नीलाम समिति / कोर्ट मैनेजर सहारनपुर अवकाश पर होने के कारण उपस्थित नही आये।

न्यायपीठ सहारनपुर के प्रतिष्ठानों: साईकिल स्टैंड़, फोटोस्टेट दुकान नं0-01, फोटोस्टेट दुकान नं0-2 तथा पान की दुकान नं0-01 के अतिरिक्त अन्य प्रतिष्ठानों की नीलामी हेतु कोई बोलीदाता उपस्थित नही आया। नीलामी की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी, जो निम्न प्रकार है।

1- **फोटोस्टेट दुकान नं0-1 व फोटोस्टेट दुकान नं0-2:-** की नीलामी हेतु बोलीदाता श्री सत्यानंद पुत्र श्री फत्तु सिंह उपस्थित आये। नीलामी हेतु किसी अन्य बोलीदाता के उपस्थित न आने के कारण फोटोस्टेट दुकान नं0-01 व दुकान नं0-02 की नीलामी पूर्ण नही हो सकी।

2- **साईकिल स्टैंड़:-** की नीलामी हेतु बोलीदाता श्री नौशाद अली पुत्र श्री रियाज़ अहमद उपस्थित आये। किसी अन्य बोलीदाता के उपस्थित न आने के कारण साईकिल स्टैण्ड़ की नीलामी की पूर्ण नही हो सकी।

3- **पान की दुकान नं0-01:-** की नीलामी हेतु बोलीदाता श्री अमित उपस्थित आये। नीलामी हेतु किसी अन्य बोलीदाता के उपस्थित न आने के कारण पान की दुकान नं0-01 की नीलामी पूर्ण नही हो सकी।

अत: केन्द्रीय नाजिर को निर्देशित किया जाता है कि वह नीलामी के सम्बन्ध में पुन: व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु न्यायपीठ के नोटिस बोर्ड़ व कलेक्ट्रेट में स्थित नोटिस बोर्ड़ तथा अन्य दृश्यमान स्थानों पर सार्वजनिक सूचना चस्पा करायें तथा दो स्थानीय समाचार-पत्रों व एक राष्ट्रीय समाचार-पत्र में प्रकाशन करायें एवं जिला न्यायालय सहारनपुर के पोर्टल तथा माननीय उच्च न्यायालय की अधिकृत वेबसाईट पर भी नीलामी तिथि व विवरण अपलोड़ करायें। नीलामी की अग्रिम तिथि ए.ड़ी.आर. भवन में दिनांक 05.03.2024 समय सांय 04:30 बजे नियत की जाती है।

कार्यवृत्त की एक प्रति माननीय जनपद न्यायाधीश महोदया को सूचनार्थ प्रेषित।

	कमलदीप 27.2.24	27/2/24	27/2/24
(संजीव कुमार शर्मा) सदस्य नीलाम समिति/ कोर्ट मैनेजर सहारनपुर। (अवकाश पर)	(कमलदीप) सदस्य नीलाम समिति/ अपर जिला जज/त्वरित न्यायालय-II सहारनपुर।	(आलोक शर्मा) सदस्य नीलाम समिति / अपर जिला जज कक्ष संख्या-11 सहारनपुर।	(प्रकाश तिवारी) अध्यक्ष नीलाम समिति/ विशेष न्यायाधीश(एस.सी.एस.टी.ए प्रभारी अधिकारी नज़ारत सह